प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 04.11.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश की 9 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिये मतदान तिथि को बदला : अब 13 नवम्बर के बजाय 20 नवम्बर को पड़ेंगे वोट।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में आज रिटायरमेंट बेनिफिट रूल्स में संशोधन समेत 27 प्रस्ताव हुए पारित : उच्चतर शिक्षा विभाग के लिए अध्यापक स्थानांतरण नियमावली 2024 को मिली मंजूरी।
3. आगरा में वायुसेना का मिग–29 विमान हुआ दुर्घटनाग्रस्त : पायलट और को–पायलट सुरक्षित।

और

4. महापर्व छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाय खाय के साथ कल से होगा शुरू : घाटों पर साफ सफाई समेत सुरक्षा के किये गये पुख्ता इंतजाम।

————————

भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदश में 9 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव की मतदान तिथि को आगे बढ़ा दिया है। निर्वाचन आयोग की ओर् से जारी नई तिथियों के अनुसार अब इन सीटों पर मतदान 13 नवम्बर के बजाय 20नवम्बर को होगा। हालांकि चुनाव के नतीजे 23 नवंबर को ही आएंगे। अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी चन्द्रशेखर ने

बताया कि 13 नवम्बर को कार्तिक पूर्णिमा और गंगा स्नान होने के कारण कई राजनीतिक दलों और सामाजिक संगठनों ने चुनाव आयोग से तिथि में परिवर्तन की मांग की थी, जिसके बाद तारीख में बदलाव का फैसला किया गया है। प्रदेश में फूलपुर,गाजियाबाद, मझवां, खैर, मीरापुर, सीसामऊ, कटेहरी, करहल और कुंदरकी विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होना है। प्रदेश केमंत्री कपिल देव अग्रवाल ने चुनाव की तिथि आगेबढ़ाने पर निर्वाचन आयोग का आभार जताया है। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश के अंदर जो विधानसभा उपचुनाव हैं उसके लिए मैंने निर्वाचन आयोग भारत सरकार से निवेदन किया था कि जो 13 नवम्बर निर्वाचन का नियत तिथि है उसको परिवर्तन करके बढ़ाया जाए। चूंकि वर्तमान मेंकार्तिक गंगा स्नान है जो हिदुओं का एक बहुत बड़ा त्योहार है। लोग गंगा स्नान के लिए जाते हैं चार दिन पहले से ब्रज घाट पर। विभिन्न स्थानों पर जाते हैं तो निवेदन यह था कि उसको बढ़ाया जाए। मैं निर्वाचन आयोग का ध्नयवाद करता हूं कि उन्होंने इस की डेट बढ़ा करके 20 तारीख कर दी है जिसके कारण मतदान अधिक होगा।*

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज हुई प्रदेश के मंत्रिमंडल की बैठक में कई अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इस बैठक में आज 27 प्रस्तावों को कैबिनेट की सहमति दी गई है। इसमें उच्चतर शिक्षा विभाग के लिए उत्तर प्रदेश सहायता प्राप्त महाविद्यालय अध्यापक स्थानांतरण नियमावली 2024 को मंजूरी प्रदान की गयी है। इस फैसले के तहत महाविद्यालय में न्यूनतम तैनाती के 5

वर्ष को घटाकर 3 वर्ष किया गया है। इससे हजारों की संख्या में शिक्षकों को उनके निवास स्थान के पास समायोजन मिल सकेगा। प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इस बारे में जानकारी दी। बाइट.....

*नई नियमावली इस बार लाई गई है। इसका नाम उत्तर प्रदेश सहायता प्राप्त महाविद्यालय अध्यापक स्थानान्तरण नियमावली 2024 और इसमें कोई खास बदलाव नहीं है। केवल इतना बदलाव हुआ है क्योंकि उत्तर प्रदेश बहुत बड़ा राज्य है और खासतौर से महिलाएं अपने गृह जनपद से बहुत दूर जाती है या विकलांग लोग बहुत दूर जाते हैं तो उनको परेशानी होती है, तो जो पांच वर्ष मिनिमम उस महाविद्यालय में सेवा की आवश्यकता की उसको घटा कर तीन वर्ष कर दिया है। यह इसमें बदलाव है।*

मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश रिटायरमेंट बनिफिट्स रूल्स 1961 में संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी है।

वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने बताया इसके तहत यदि किसी कर्मचारी की मृत्यु सेवा में रहते हुए अथवा सेवा निवृत्ति के बाद ग्रेच्युटी की धनराशि प्राप्त किए बिना हो जाती है, और उसका कोई वारिस नहीं है आर न ही कोई नॉमिनी है तो ग्रेच्युटी का भुगतान उस व्यक्ति को किया जा सकता है। बाइट........

*यह उत्तर प्रदेश के रिटारमेंट बेनेफिट रूल्स1961 में संशोधन किया गया है। अभी तक यह व्यवस्था थी कि कोई सरकारी कर्मचारी बगेरअपने पीछे रिटायरमेंट के बाद वारिस नहीं छोड़ जाता है। या कोई नामिनी नहीं बनातातो तो उसका पैसा ग्रैच्युटी का सरकार में समाहित हो जाता था। अब व्यवस्ता यह हो गई,आज जो मंत्रिपरिषद में अनुमोदन का यह प्रस्ताव था। अगर कोई व्य़क्ति सक्षमन्यायालय से जिस प्रकार की परिस्थितियों में कोई उत्तराधिकार प्रमाण पत्र ले आताहै तो उसको फी पैसा दे दिया जाएगा।*

बैठक में फॉरेन डायरेक्टर इन्वेस्टमेंट (एफडीआई) नीति में भी संशोधन किया गया है। इसके अलावा मंत्रिमंडल ने एफडीआई पॉलिसी में संशोधन, नई शीरा नीति को भी मंजूरो दी है।

——————

आगरा में आज वायुसेना का मिग–29 विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायु सेना का यह विमान उड़ान के दौरान आगरा के कागारौल के सोंगा गांव के पास खाली खेतों में क्रैश हो गया। विमान में सवार पायलट और को–पायलट पैराशूट की मदद से विमान से निकल गए। जमीन पर गिरते ही विमान में आग लग गई। मामले की जानकारी मिलते ही तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए। यह विमान पंजाब के आदमपुर से रूटीन एक्सरसाइज के लिए आगरा जा रहा था।

——————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसक साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

लोक आस्था और सूर्य उपासना के महापर्व छठ पर चार दिवसीय अनुष्ठान की शुरूआत कल नहाय खाय के साथ होगी। इस पर्व पर महिलाएं संतान के स्वास्थ्य, सफलता और दीर्घायु के लिए 36 घंटे का निर्जला व्रत रखेंगी। छठ को लेकर प्रदेश भर में बाज़ारों में रौनक है। फलों और पूजा सामग्री की खरीदारो को लेकर बाज़ारों में भीड़ उमड़ रही है। घाटों की साफ–सफाई के साथ छठ वेदियो की रंगाई–पुताई का काम भी पूरा किया जा रहा है। प्रदेश के नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने लखनऊ में छठ घाटों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रदेशवासियों को छठ की बधाई दी और लोगों से पर्व के दौरान नदियों की स्वच्छता बनाए रखने की अपील की

बाइट.....

*अनेक घाटों पर इस तरह की व्यवस्थाएं कर रहे हैं पूरे राज्य की बात करूं मैं तो सैकड़ों नहीं बल्कि हजारों नगरों पर नजरों में हमारे सभी व्यवसथाए हो रही है। मैं सभी मामले में सभी श्रद्धालुओं को, माताओं बच्चों को विशेष रूप से मैं अपनी शुभकामनायें देता हूँ। छठ के पर्व पर और साथ में मै उनसे अपील भी करता चाहता हूं कि छठ जो हे पिछले वर्षो में हरने यह दिखाया है। छठ का त्योहार लाखों लोगों की भागीदारी वाला उत्सव, त्योहार सवच्छ हो सकता है। गोमती नदी स्वच्छ दिख रही है पूरी तरह से स्वच्छता छठ के दिन और छठ के दिन के बाद भी बरकरार ऐसी मेरी अपील है सबसे।*

प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार ने छठ पव से संबंधित सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस अधिकारियों

को दिशा निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि घाटों, पूजा स्थलों, नदियों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाए। सार्वजनिक जगहों तथा भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर फुट पेट्रोलिंग की जाये। छठ पूजा कोलेकर इंडो नेपाल बॉर्डर पर भी सुरक्षा चाक चौबंद की गई है। गोरखपुर के एडीजी रेंज ने बताया कि ऑपरेशन कंवच के तहत सीमा पर ज्वाइंट पेट्रोलिंग की जा रही है। वहीं वाराणसी में आज छठ की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एस.राजलिंगम ने अस्सी घाट, गंगा महल घाट, रीवा घाट, दशाश्वमेधघाट, मणिकर्णिका घाट, नमों घाट के साथ अन्य पूजा स्थलों का निरीक्षण किया। जल पुलिस और एनडीआरएफ को भी मुस्तैद रहने के निर्देश दिए।

——————

छठ पूजा को लेकर रेलवे 185 विशेष रेलगाड़ियों का संचालन कर रहा है। दिल्ली और एनसीआर से देश के विभिन्न भागों के लिए आज 25 विशेष रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। इनमें वाराणसी, अयोध्या, लखनऊ, गोरखपुर, प्रयागराज, पटना, मुजफ्फरपुर, दरभंगा, सहरसा, इंदौर और तिरुवनंतपुरम के लिए विशेष रेलगाड़ियां शामिल हैं। रेलवे की ओर से 2 नवम्बर से 8 नवम्बर के बीच 145 अतिरिक्त रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं, ताकि छठ पूजा के लिए लोगों की यात्रा आसान हो सके।इसी क्रम में उत्तर मध्य रेलवे ने आज 3 विशेष गाड़ियाँ चलाईं। वहीं कल भी

यात्रियों की सुविधा के लिए 3विशेष गाड़ियाँ चलाई जाएंगी और 37 गाड़ियाँ उत्तर मध्य रेलवे परिक्षेत्र से गुजरेंगी।

उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक सचिन्द्र मोहन शर्मा ने बताया कि रेलवे की ओर् से यात्रियो की सुविधाओं के लिए व्यापक इंतज़ाम किए गए हैं। बाइट.....

*इसमें आप देखेंगे क्राउड मैनेजमेंट के लिये यहां काफी कामिर्शिल के स्टाफ लगे हुए है और आरपीएफ के जो सैनिक है वह रिफलेक्टेड जैकेट में है ताकि दूर से ही लोगों को पहचान सके जितने हमारे कान्टर्स है ये चालू है और इंफारमेशन देने के लिये लोग जहां नार्मली एक रहता है वहां तीन–तीन7 लोग लगा रखे है। एक हमने हेल्प डेस्क लगा रखा है कि कोई भी अगर किसी यात्री जो स्पेशल ट्रेन में जा रहा है उसको प्राब्लम्स है वह बता सकता है वहां पर ऐडिशल फर्स्टस्टेट बूथ वहां लगा रखा है, ताकि कोई अगर किसी स्टेट फार्म पर कोई प्राब्लम्स आती है एमीडिटली हमारा स्टाफ जा सके और एडिशनल हमारी जितनी वीहल्स चेयर है यहां पर तैनात है।*

—————————

महाकुंभ 2025 के लिए प्रयागराज में 13 अखाड़ों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। इसी क्रम में कल श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़े का नगर प्रवेश पूरी भव्यता के साथ संपन्न हुआ। श्री पंचदशनाम जूना अखाड़े की नगर प्रवेश यात्रा में अखाड़े के एक हजार से अधिक साधु संतों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अखाड़े के साधु संतों का स्थानीय लोगों और कुंभ मेला प्रशासन ने फूलों से स्वागत किया। 14 दिसंबर को जूना अखाड़े के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानंद गिरि की अगुवाई में अखाड़े का कुंभ क्षेत्र में प्रवेश होगा।

(समाप्त)